cw
8.4.16

पत्रांक– 2494 न०वि०एवंआ०वि०

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**जय प्रकाश मंडल**
सरकार के विशेश सचव।

सेवा में,

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद् जहानाबाद

पटना, दिनांक 8/4/16

विषय :– **माह फरवरी 2016 की मासिक समीक्षा टिप्पणी के संबंध में।**

महाशय,

नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आपके कार्यों की मासिक समीक्षा की जा रही है। माह **फरवरी** तक प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा से निम्न तथ्य विदित होते हैं :–

1. **चतुर्थ राज्य वित्त आयोग** :–

(i) चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 84.73 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 37.87 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 122.60 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय **36.82** है। **जो मात्र** 30.03 प्रतिशत है | स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***निराशाजनक*** है।

2. **13वें वित्त आयोग** :–

(i) 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 398.52 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 398.52 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 89.70 लाख रूपये है,जो की मात्र 18.89 प्रतिशत है | स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***अत्यंत निराशाजनक*** है।

3. **14 वें वित्त आयोग -:** 14 वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 0.00 लाख रूपये थी | वर्ष 2015-16 में 118.66 लाख रूपये विमुक्त हुए | कुल उपलब्ध 118.66 लाख रूपये संसाधनों में से अधतन व्यय शून्य है | स्पष्टत: आपकी उपलब्धि ***अत्यन्त निराशाजनक है*** |

4. **राज्य योजना** :–

(i) राज्य योजना अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 123.61 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 566.74 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 690.35 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय शून्य है।

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2015 को आपके यहाँ कोई भी योजनाएं लंबित नहीं थी। वर्ष 2015–16 में अब तक 5 योजना ली गयी है। इस प्रकार कुल कार्यरत 5 योजनाओं में कोई भी योजना पूर्ण नहीं हुई है। अतः उपलब्ध संसाधनो में से नयी योजनाओ का चयन करते हुए कार्यो का निशपादन करें। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***अत्यंत निराशाजनक*** है।

5. **पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF)** :–

(i) पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 52.06 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 52.06 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 15.44 लाख रुपये है,जो की 29.66 प्रतिशत है ।

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2015 को आपके यहाँ कोई भी योजनाएं लंबित थी। वर्ष 2015–16 में अब तक कोई भी योजना नहीं ली गयी है। अतः उपलब्ध संसाधनो में से नयी योजनाओ का चयन करते हुए कार्यो का निशपादन करें। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***निराशाजनक*** है।

6. **उपयोगिता प्रमाण पत्र** :– आपके निकाय के विरूद्ध वित्तीय वर्श 2003–04 से 2013–14 तक की अवधि में कुल 5342.27 लाख की राशि विभाग द्वारा आवंटित की गयी थी जिसके आलोक में अभी तक कुल 5333.43 लाख रूपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा की गयी है जिसमे अभी भी 8.84 लाख रूपये की उपयोगिता प्रमाण पत्र समायोजित के लिए लंबित है । लंबित राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र अगले 7 दिनों के अंदर विभाग में जमा करें ।

7. **ठोस अवशिष्ट प्रबंधन** :–

(i) आपके शहर में कुल 33 वार्ड हैं, जिसमें से 33 वार्डो में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य हो रहा है।

(ii) सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यांत्रिकरण पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन वांछित संख्या में मशीनों का क्रय नहीं किया गया है। शहर में कार्यरत

सफाई कर्मियों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमिट्रिक हाजिरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, इसका अनुपालन अप्राप्त है। ठोस अवशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन एवं निष्पादन के लिए की जा रही कार्रवाई का प्रतिवेदन अपेक्षित है।

8. <u>मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान</u> : मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान योजना के अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 0.00 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 100.81 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 100.81 लाख रूपये संसाधनों में से **दूरभाष पर प्राप्त सूचना के अनुसार** अद्यतन व्यय **58.47 लाख रूपये** है।

9. **<u>नगर सेवा प्रबंधन</u>** :–

आपके शहर से संबंधित इस वित्तीय वर्ष में हेल्पलाईन के माध्यम से 4 जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, **जिसमे से** 2 **का** निराकरण **कर** दिया गया हैं। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***असंतोषजनक*** है।

10. **<u>होल्डिंग टैक्स</u>** :– माह **फरवरी 2016** का **मासिक** संग्रहण 7.68 लाख रूपये है, जो **की** वित्तीय **वर्ष** की औसत मासिक संग्रहण 8.83 लाख रूपये से 57.21 प्रतिशत **कम** है। **चालू** वित्तीय **वर्ष का वार्षिक औसत मासिक संग्रह** 3.78 **है** | दिनांक 01.04. 2015 को होल्डिंग की संख्या 15104 थी एवं अद्यतन तिथि तक 15104 होल्डिंग ही है। होल्डिंग का सर्वेक्षण करके अतिरिक्त होल्डिंग को होल्डिंग टैक्स के दायरे में लाने के लिए किये गये प्रयास जारी रहे। स्पष्टतः अब तक **की** उपलब्धि ***अत्यंत निराशाजनक*** है।

11. **<u>अन्य स्रोतों से कर</u>** :–

अन्य स्रोतों से कर वसूली 25.53 लाख रूपये है, जिसमें सुधार लाने का प्रयास करें।

12. **<u>स्वच्छ भारत मिशन</u>** :– स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिए गए कुल लक्ष्य 437 के विरुद्ध आपके निकाय में एक भी सामूहिक एवं Public Toilet नहीं बने हैं।

13. <u>सबके लिए आवास</u> :- सबके लिए आवास योजनान्तर्गत आपके नगर निकाय में वितीय वर्ष 2015-16 में कुल प्राप्त आवेदन में से अधतन स्थिति तक जचोपरांत लाभार्थियों की संख्या 200 है|

14. **पी० एल० खाता :-** दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय के पी० एल० खाते में 435.98 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 836.71 लाख राशि विमुक्त की गई है। इस प्रकार कुल उपलब्ध 1272.68 लाख की राशि में से 266.83 लाख मात्र राशि का भुगतान किया गया है | शेष 1005.85 लाख की अव्यवहृत अंतिम राशि (Closing Balance) अभी भी मौजूद है जो अत्यंत ही बड़ी राशि है|

15. लंबित अंकेक्षण :-

आपके नगर निकाय के विरुद्ध निम्लिखित अंकेक्षण प्रतिवेदन लंबित है :-

| अंकेक्षण प्रतिवेदन संख्या | वर्ष | अप्राप्त |
|---|---|---|
| 31/2003–04 | 1999–2000 से 2002–03 | अप्राप्त |
| 1137/2014-15 | 2012–13 से 2013–14 | अप्राप्त |

निर्देश दिया जाता है कि इस मासिक समीक्षा टिप्पणी में अंकित तथ्यों पर लिखित अनुपालन प्रतिवेदन पत्र निर्गत होने के तीन सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से विभाग को प्रेषित किया जाय। इस मासिक समीक्षा टिप्पणी को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही आपके द्वारा समर्पित किये जा रहे मासिक समीक्षा टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन भी वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

विश्वासभाजन

8.4.16

**सरकार के विशेष सचिव।**

ज्ञापांक– 2494 /पटना, दिनांक 8/4/16

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, जहानाबाद/अध्यक्ष, नगर परिषद् जहानाबाद एवं विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8.4.16

**सरकार के विशेष सचिव।**

Letter 01 (14.05.15)

DK